# भारी मात्रा में मवेशियों के अवैध परिवहन पर पुलिस की बड़ी कार्यवाही

## कॉम्बिंग गश्त के दौरान कटनी के विजयराघवगढ़ थाना पुलिस को मिली बड़ी सफलता

**द, अचीवर टाइम्स पप्पू उपाध्याय**



**मध्य प्रदेश ।** कटनी जिले के ग्राम टीकर के जंगल में ट्रक में मिले 28 मवेशी, ट्रक जप्त चालक-परिचालक सहित चार आरोपियों के विरुद् विजयराघवगढ़ पुलिस ने की कार्यवाही( कटनी पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के द्वारा गत रात्रि को कांबिंग गस्त हेतु निर्देशित किया था जिसके पालन में मनोज केडिया अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं कृष्ण पाल सिंह अनुविभागीय अधिकारी के मार्गदर्शन में विजयराघवगढ़ थाना प्रभारी अनूप सिंह ठाकुर के नेतृत्व में दरम्यानी रात थाना क्षेत्र अंतर्गत कॉम्बिंग गश्त के दौरान विजयराघवगढ़ पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। विजयराघवगढ़ पुलिस ने ग्राम टीकर के जंगल में उत्तरप्रदेश कीजाएगा ओर जा रहे मवेशियों से भरे ट्रक को पकडक़र जब्त किया है। इस मामले में चालक-परिचालक सहित चार व्यक्तियों को पुलिस ने पकड़ा। घटना का संक्षिप्त विवरण- मध्यरात्री कटनी पुलिस अधीक्षक के द्वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत आपराधिक गतिविधियों के विरूद्ध सख्ती से कार्यवाही करने के दिशा निर्देश दिए गए इसी तारतम्य में थाना प्रभारी विजयराघवगढ़ अनूप सिंह अपने थाना से दल बल के साथ रात्रि गश्त व आपराधिक गतिविधियों में धर पकड़ करने के लिए निकले जिन्हें गस्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम टीकर के जंगल तरफ़ से एक ट्रक निकल रही है, जिसमें भारी संख्या में अवैध रूप से मवेशियों को ठूस ठूस कर भरा हुआ है जिसे अन्य क्षेत्र में विक्रय करने ले जाया जा रहा है, सूचना पाते ही अविलंब ट्रक की तलाश करने उक्त क्षेत्र में रवाना हो गई उसी समय जंगल के किनारे से ट्रक क्रमांक यूपी 90-6758 सूनसान स्थान से जाते हुए देखा गया। पुलिस ने मौके से ट्रक को रोका जिसके डाला बाडी को खोलकर देखा गया तो उसमे भैस, पड़ा के सींगो और पैरों को बांध कर ठूस ठूस कर भरे हुए थे। पुलिस ने चालक और परिचालक के साथ में बैठे दो अन्य व्यक्तियों से पुलिस ने मवेशियों के परिवहन संबंधी वैध दस्तावेज मांगे तो उन आरोपियों ने मवेशियों के परिवहन सम्बंधी कोई दस्तावेज पेश नहीं कर पाए । ट्रक बाडी में भरे मवेशियों को गिनती की तो उसमे 15 नग भैस 13 नग पड़ा कुल 28 नग मवेशी भरे गए थे जिन्हें उत्तर प्रदेश ले जाया जा रहा था। मवेशियों की कीमत करीबन पांच लाख व ट्रक की कीमत करीबन चालीस लाख सहित कुल 45 लाख रुपए की कीमत बताई गई है। आरोपियों के विरुद्ध सख्ती से कार्यवाही करते हुए ट्रक चालक-परिचालक मवेशियों को लोड अनलोड करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध अपराध धारा 11 पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

**इस सराहनीय कार्य में**–अनूप सिंह ठाकुर निरीक्षक थाना प्रभारी विजयराघवगढ़, सहायक उप निरीक्षक जय सिंह, हिम्मत सिंह यादव, आरक्षक अटल प्रसाद, सुरेन्द्र सिंह ठाकुर की महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# शिक्षा विभाग के अधिकारियों की मिलीभगत से चल रहे घरों एवं पुराने बीड़ी कारखाने में स्कूल

**द, अचीवर टाइम्स पप्पू उपाध्याय**



**मध्य प्रदेश ।** जबलपुर के तहसील सिहोरा में शिक्षा के नाम पर व्यापार करने वाला शिक्षा माफिया अधिकरियों की मिली भगत और सांठगांठ के चलते स्कूल संचालन की मान्यता तो ले लेता है। परंतु उसके बाद अधिकारियों की जेब भी गरम करता रहता है। और मिली भगत के चलते अधिकारियों द्वारा बड़े बडे आश्वासन और कागजी खाना पूर्ति कर दी जाती है। इसका जीता जागता उदाहरण है सिहोरा खितौला में बिना मापदंडों और नियम कानून को दरकिनार करके संचालित अनेक स्कूल है। जहां शिक्षा विभाग और उनके जिम्मेदार अधिकारी मिलीभगत और सांठगांठ से अनेक स्कूलों का धड़ल्ले से संचालन करा रहे है और कार्यवाही के नाम पर इन अधिकारियों के हाथ पैर फूल जाते है। बिना मापदंडों के अनेक स्कूलों का हो रहा संचालन सिहोरा में जेल मार्ग स्थित, मृगनयनीय मार्ग स्थित, एवं खितौला में वन विभाग के पास, सिहोरा थाने के पास सहित ऐसे अनेक स्कूलों का धड़ल्ले से संचालन अवैध रूप से किया जा रहा है। और इन पर कार्यवाही करने वाले अधिकारियों की मिलीभगत के चलते केवल खानापूर्ति ही होती है। न पार्किग का पता न खेल मैदान और न अनुभवी शिक्षक फिर भी सेंटिंग से चल रहा स्कूल इन बिना मापदंडों के संचालित स्कूलों में न ही पार्किग है। और न खेल मैदान और न ही अनुभवी शिक्षक फिर भी सेंटिंग और मिलीभगत और सांठगाठ के चलते ऐसे स्कूलों का धड़ल्ले से संचालन किया जा रहा है।

**पुराने बीड़ी कारखाने में संचालित हो रहा स्कूल**

खितौला का मस्जिद मार्ग स्थित एक स्कूल पुराने बीड़ी कारखाने में हो रहा संचालित, तो जेल मार्ग में घरों पर चल रहे स्कूल

खितौला मस्जिद मार्ग में पुराने बीड़ी कारखाने में एक निजी स्कूल का संचालन अधिकारियों की मिलीभगत से किया जा रहा है। इस स्कूल प्रबंधन के पास न तो स्वयं का पार्किंग स्थल है। न खेल मैदान और न ही अनुभवी शिक्षक है ऐसा ही जेल मार्ग मृगनयनीय मार्ग में स्कूलों का संचालन किया जा रहा है।

**कार्यवाही से बचने राजनीत का सराहा**

कार्यवाहियों से बचने के लिए इन स्कूल संचालकों ने राजनिति का सहारा लेना प्रारंभ कर दिया है और एक संगठन के नगर अध्यक्ष बनकर विद्याथियों के हित की लड़ाई का ढोग भी करने लगे है। जबकी इनके पूर्व में कोई अता पता नहीं था। और अब कार्यवाहियों से बचने के लिए यह सब ढ़ोग भी चालू कर दिया गया है।

जिला शिक्षा अधिकारी ने दिया था आश्वासन टीम बनाकर करेगें कार्यवाही, परंतु सब मिली से ठंडे बस्ते में को गई कार्यवाही। जबलपुर जिला शिक्षा अधिकारी घन्श्याम सोनी द्वारा गत माह ऐसे स्कूलों पर टीम गठित करके कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया था, परंतु आश्वासन और कार्यवाही दोनों ठंडे बस्ते में झोक दी गई। और न ही सिहोरा विकास खंड शिक्षा अधिकारी और बीआरसी को कार्यवाही की फुर्सत सबकी मिलीभगत से यह खेल धड़ल्ले से चल रहा है। क्योकि खबरों के माध्यम से इन अधिकारियों तब भी जानकारी पहुंची थी और उन्होने भी कार्यवाही करने का आश्वासन दिया था। परंतु मिलीभगत और सांठगांठ के चलते सब पर लीपापोती कर दी गई।

# एक नज़र

## नगर निगम दस्ते नें मोहान रोड़ नहर पुलिया से आगरा एक्सप्रेस-वे जीरो प्वॉइंट तक अवैध दुकानों पर पर चला बुलडोजर



**द अचीवर टाइम्स दीपक कनौजिया।**

**काकोरी लखनऊ।** पारा क्षेत्र में मोहान रोड आगरा एक्सप्रेसवे के पास सड़क किनारे बड़ी संख्या में अवैध दुकानें सड़क पर लगी हुई थी सड़क किनारे लगी दुकानों की वजह से सामान लेने वाले राहगीर अपनी गाड़ियों को बीच सड़क पर ही खड़ी कर देते थे, जिसकी वजह से सड़क पर जाम लग जाता था जो काफी देर तक लगा रहता था जिससे आने जाने वाले अन्य लोगो को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। जिसके चलते सड़क पर लगी अवैध दुकानों को हटवाने के लिए कई बार क्षेत्रीय लोगो ने नगर निगम के संबधित अधिकारियों से शिकायत भी किया सड़क पर लगी दुकानें पूरी रात खुली रहती थी। वही शुक्रवार के दिन नगर निगम की तरफ से एक विशेष अभियान चलाया गया। जिसके तहत शारदा नहर पुलिया से लेकर आगरा एक्सप्रेसवे जीरो प्वाइंट तक लगी सभी दुकानों को हटवाते हुए उन दुकानों को तोड़ दिया गया।

## टीबी की पुष्टि होने पर तत्काल शुरू कर दिया जाता है मरीज का उपचार- डॉ सुनील कुमार त्यागी, सीएमओ, हापुड़

**द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार**



**हापुड़।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ सुनील कुमार त्यागी ने शुक्रवार को बताया कि 2025 तक भारत को टीबी मुक्त करने का संकल्प पूरा करने के लिए जनपद में लक्षण युक्त व्यक्तियों की जांच और जांच में टीबी की पुष्टि होने पर तत्काल उपचार शुरू करने पर जोर दिया जा रहा है। एक हजार की आबादी पर 30 स्पुटम जांच करने पर रिपोर्ट निगेटिव प्राप्त होने से उस आबादी को टीबी मुक्त घोषित किया जाएगा। जिले की 89 ग्राम पंचायत इस मानक को पूरा कर रही हैं। इसी तरह अन्य ग्राम पंचायत भी मानक को पूरा करेंगी तो जिला टीबी मुक्त हो जाएगा। टीबी अभिमुखीकरण के लिए सीएमओ कार्यालय सभागार में शुक्रवार को आयोजित कार्यशाला में एसीएमओ डा. केपी सिंह, जिला क्षय रोग अधिकारी डा. राजेश सिंह और जिला कार्यक्रम प्रबंधक सतीश कुमार और पीपीएम समन्वयक सुशील चौधरी आदि मौजूद रहे। सीएमओ ने बताया कि शासन से मिले सभी नौ इंडीकेटर्स पर शत प्रतिशत काम करने का प्रयास किया जा रहा है। नोटिफिकेशन के मामले में जिले में 83 प्रतिशत काम हुआ है, उसका कारण है कि जिले में लक्षण युक्त व्यक्तियों की संख्या कम है। और जांच बढ़ाने के लिए जिले में जगह- जगह कार्यक्रम आयोजित कर टीबी के लक्षणों के बारे में जानकारी दी जा रही है। और दो सप्ताह से अधिक खांसी या बुखार आना, खांसी में बलगम या खून आना, रात में सोते समय पसीना आना, वजन कम होना और सीने में दर्द होना टीबी के लक्षण हो सकते हैं। इनमें से एक भी लक्षण नजर आने पर नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर टीबी की जांच कराएं। आयुष्मान आरोग्य मंदिर पर जाकर भी स्पुटम (बलगम का नमूना) जांच के लिए दे सकते हैं। जांच और उपचार की सुविधा सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध है।

## चार दिनों से बत्ती गुल ग्रामीण परेशान

ट्रक पलटने से पोल टूट के कारण गावो में चार दिनों से पड़ा अंधेरा



**द अचीवर टाइम्स संवाददाता**

**हरदोई ।** अतरौली पवार हाउस के अंतर्गत मिश्रा खेड़ा टेढ़ी पुलिया के पास लगे ग्यारह हजार लाइन का पोल ट्रक पलटने से टूट गया था आज लगभग चार दिन हो गए अभी तक कोई पोल नही अतरौली पवार हाउस के द्वारा लगाया गया इन गांवों की बत्ती चार दिनों से गुल पूरनपुर , गांव की बत्ती गुल गांव में बच्चों की ऑनलाइन पढ़ाई बाधित हो रही जिससे बच्चों के चेहरे पे मायूसी छा गयी घरो में अंधेरा छाया हुआ है विधुत विभाग के कर्मचारी को फोन करो तो बस यही बोलते है कि कल लग जायेगा आज लग जायेगा लेकिन आज चार दिन हो गए कोई हल नही मिला जेई को तीन बार फोन किये जानकरी लेने के लिए फोन किया तो फोन ही नही उठाया

# गाँजर ओर महमूदाबाद के लाखो लोगो को जाम से मिलेगी निजात




**द अचीवर टाइम्स ,सुशील अवस्थी**

**महमूदाबाद ।** सीतापुर महमूदाबाद की हर दिल अजीज विधयक आशा मौर्या जी एवं सांसद राजेश वर्मा जी के अथक प्रयासों से बहु प्रतीक्षित शारदा नहर नूरपुर पुल का शिलान्यास प्रदेश के पीडब्ल्यूडी मिनिस्टर जितिन प्रसाद ने किया हजारों लोगों को प्रतिदिन इस सारदा नहर पुल के जाम से जूझना पड़ता था , इस मौके पर एमएलसी पवन सिंह चौहान, विधायक सकेंद्र प्रताप वर्मा, जिला प्रभारी भाजपा नीरज सिंह, जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रद्धा सागर ने समारोह को संबोधित किया। विधायक आशा मौर्य ने क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण विकास कार्यो को कराए जाने की मंत्री से मांग की। सांसद राजेश वर्मा ने महमूदाबाद पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस को आधुनिक स्वरूप दिए जाने की मांग की ,सीता ग्रुप एजुकेशन के चेयरमैन रमेश बाजपेई ने स्मृति चिन्ह देकर क्कुष्ठ मनिस्टर जितिन प्रशाद जी का स्वागत किया ! लोकसभा विस्तारक अंशुमान सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, मोहन प्रसाद बारी, सुधीर सिंह, राम शंकर वर्मा, कमलेश तिवारी, अंबरीश यादव, सर्वेंद्र विक्रम सिंह, विजय सिंह तोमर, डाक्टर शशि प्रभा, सतनाम सिंह, सी पी तिवारी,इरफान मंसूरी, राम प्रवेश प्रजापति, लेखा गुप्ता,दिनेश सिंह सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# भाजपा महिला मोर्चा की बैठक हुई सम्पन्न

## आपकी जागरूकता ही दिलाएगी 24 में सफलता



**द अचीवर टाइम्स दीपक कनौजिया।**

**काकोरी, लखनऊ ।** आज काकोरी के ब्लॉक सभागार में भारती जनता पार्टी महिला मोर्चा की मलिहाबाद विधानसभा की बैठक मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष पूजा मिश्रा की उपस्थिति में संपन्न हुई। उन्होने मिशन 2024 के लिए हर महिला मोर्चा की पदाधिकारियों को कमर कस लेने के लिए कहा।जिला अध्यक्ष अंजू रस्तोगी ने मोहनलालगंज सीट पर कमल खिलाने के लिए पदाधिकारियों से कहा कि वे घर घर जाकर भाजपा सरकार द्वारा किए जा रहे विकास कार्यो और योजनाओं को बताएं,मण्डल उपाध्यक्ष (भाजपा ) नीलम श्रीवास्तव ने लोगों से संपर्क कर नमो एप डाउनलोड करवाने का आग्रह किया, जिससे सभी योजनाओं की जानकारी सीधे लाभार्थी तक पहुंच सके।कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अंजू रस्तोगी एवं संचालन जिला महामंत्री प्रतिभा वर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कल्पना तिवारी,जिला उपाध्यक्ष नमिता द्विवेदी,जिला कोषाध्यक्ष सुनीता पांडे,मंडल अध्यक्ष नीलम गौतम,मंडल महामंत्री मीना रावत , बूथ अध्यक्ष लीलावती सहित कई अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## नए साल पर मरीजों के लिए निशुल्क इलाज का लगाया जाएगा कैम्प

**द अचीवर टाइम्स समर बहादुर सिंह**

**तिलोई (अमेठी)।** शशि प्रभा देवी शिक्षा सदन विद्यालय बेरारा कोट मे नए साल के अवसर पर दिनांक 03/01/2024 दिन बुधवार को लगाया जाएगा निशुल्क इलाज का कैम्प। इस कैम्प मे हर प्रकार के मरीजो का इलाज व जांचे निशुल्क की जाएगी। जिसमे लखनऊ मण्डल के सामान्य रोग, हड्डी रोग, स्त्री रोग विशेषज्ञ के डाक्टर आयेगे। आयुष्मान कार्ड के द्वारा मरीजों का निशुल्क उपचार किया जायेगा और आयुष्मान कार्ड की जानकारी भी दी जायेगी।शशि प्रभा देवी शिक्षा सदन विद्यालय के प्रबंधक मार्तंड प्रताप सिंह का तिलोई की जनता और हर प्रकार के मरीजों से निवेदन है कि वह आए और अपना उपचार निशुल्क करवाए । अधिक जानकारी के लिए मो.9919034803,9838801004पर सम्पर्क करे।

# बीते दिनो महिला के साथ लूट हुई लुटेरे लगे पुलिस के हत्थे



**द अचीवर टाइम्स दीपक कनौजिया।**

**काकोरी लखनऊ।** दुबग्गा थाना क्षेत्र के अन्तर्गत काम से वापस घर जा रही महिला का पर्स छीनकर घर भागे हुए बदमाशों को पकड़कर सलाखों के पीछे भेज दिया है जिसमे डीसीपी वेस्ट की सर्विलांस टीम व दुबग्गा पुलिस की अहम भूमिका रही। आपको बताते चलें चार दिन पूर्व अमन विहार कॉलोनी पावर हाउस स्थित आश्रय हिंद कॉलोनी में मोहम्मद राशिद अपनी पत्नी ज़ीनत के साथ सपरिवार किराए पर रहते थे। जीनत सरफराजगंज के पास एक घर में नौकरी का काम करती थी जीना के अनुसार मंगलवार की रात को तकरीब नौ बजे ई रिक्शा से अपने घर वापस लौट रही थी। तभी जागर्स पार्क के करीब बाइक से दो बदमाशों आए और महिला का पर्स छीनकर फरार हो गए थे। महिला के अनुसार पर्स में उसकी सैलरी और मोबाइल व कुछ जरूरी कागजात भी रखे हुए थे। पीड़ित महिला ने दुबग्गा थाने पर लिखित में तहरीर दी थी। पकड़े गए आरोपियों के पास से पीड़ित का मोबाइल और अन्य मोबाइल के साथ घटना में उपयोग की गयी बाइक भी बरामद की।

# जंगल में लकड़ी लेने जा रही 2 महिलाओं की हाईटेंशन लाईन की चपेट में आने से हुई दर्दनाक मौत



**द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार**

**हापुड़।** के थाना बाबूगढ़ क्षेत्र के ग्राम बनखंडा का मामला सामने आया है जहाँ जंगल में लकड़ी लेने जा रही दो महिलाओं की हाईटेंशन लाईन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। आपको बता दे शुक्रवार की दोपहर को ग्राम वानखंडा निवासी किरन अपनी पड़ोसन शांति के साथ जंगल में लकड़ी लेने जा रही थी तभी नहर की पटरी के निकट रास्ते में हाई टेंशन लाइन का पहले से ही नीचे लटक रही लाईन अचानक से टूट कर गिर पड़ी जिसकी चपेट में आने से दोनों महिलाएं झुलझ गयी और दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों महिलाओं की हाईटेंशन लाईन की चपेट में आने की घटना की सूचना क्षेत्र में हड़कंप गया जहां ग्रामीणों के साथ पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी। पुलिस ने तत्काल पहुंचकर सर्वप्रथम हाई टेंशन लाइन को बंद कराया और दोनों महिलाओं का ग्रामीण लोगों के सामने पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है इस घटना से ग्रामीणों में बिजली अधिकारियों के खिलाफ जबरदस्त रोष था साथथ ही उन दोनों महिला के परिवार के सदस्यों का रो रो कराबुरा हाल था।

# पारा में भारत संकल्प यात्रा के तत्वावधान में मुख्य अतिथि जेपी नड्डा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ होंगे शामिल



**द अचीवर टाइम्स दीपक कनौजिया**

**काकोरी लखनऊ।** पारा आज दिनांक 29 दिसंबर को पश्चिम विधानसभा के अंतर्गत मां कृपा होटल एंड बैंक्विट कानपुर हरदोई बाईपास बुद्धेश्वर में आगामी दिनांक 31 दिसंबर को होने वाले कार्यक्रम देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आयोजित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय जेपी नड्डा जी एवं उत्तर प्रदेश के यशस्वी यशस्वी मुख्यमंत्री माननीय योगी आदित्यनाथ जी उपस्थित रहेंगे। उक्त कार्यक्रम के संबंध में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्री त्र्यंबक त्रिपाठी जी लखनऊ महानगर अध्यक्ष श्री आनंद द्विवेदी जी एवं श्री अंजनी कुमार श्रीवास्तव ने सभी विभागों के अधिकारी जैसे नगर निगम ,पी0डब्ल्यू0डी0, विद्युत विभाग,पुलिस विभाग,के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। साथ में पार्षद श्री धर्मेंद्र सिंह, पश्चिम मंडल एक उपाध्यक्ष श्रीमती ज्योति सिंह, मण्डल उपाध्यक्षश्री कुलदीप श्रीवास्तव आशीष शर्मा उपस्थित रहे।

# कलेक्टर ने की मार्च 2024 तक कुपोषण मुक्त कटनी बनाने के संकल्प में सहयोग की अपील

## सामाजिक एवं स्वैच्छिक संगठन एवं संभ्रान्त नागरिकों से कलेक्टर ने किया भागीदारी का आग्रह

**द,अचीवर टाइम्स पप्पू उपाध्याय**



**मध्य प्रदेश।** कटनी ,कलेक्टर अवि प्रसाद ने कटनी जिले को मार्च 2024 तक कुपोषण मुक्त बनाने के संकल्प मे योगदान देने सामाजिक एवं स्वैच्छिक संगठनों से सामूहिक सहभागिता का आव्हान किया है। साथ ही संस्थाओं एवं जनसामान्य से कुपोषित बच्चों को गोद लेने की अपील की है। कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा जारी अपील में कहा गया है कि कुपोषण देश और समाज के लिए एक बड़ी चुनौती है। कुपोषण बच्चों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है और कुपोषण प्रभावित बच्चे के परिवार को आर्थिक और मानसिक समस्याओं के कुचक्र से बाहर नहीं आने देता। कुपोषण को 0 से 59 माह के आयु वर्ग के बच्चों में तीन श्रेणियों में समझा जा सकता है। अति गंभीर कुपोषण (सैम), मध्यम कुपोषण (मैम) और सामान्य। आईमैम कार्यक्रम अन्तर्गत कटनी ज़िले में आंगनवाड़ी कायकर्ताओं एवं सहायिकाओं द्वारा निरन्तर कुपोषित बच्चों को पूरक पोषण आहार, नियमित स्वास्थ्य जाँच, गृह भेंट एवं परामर्श, जैसी संस्थागत सेवाएं दी जाती हैं। साथ ही कुपोषण से लड़ाई में सामुदायिक सहभागिता को सम्मिलित किया गया है। जिले में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, सेवा भारती, लघु उद्योग भारती, एसीसी सीमेंट, मानव जीवन विकास समिति एवं अन्य संगठनों द्वारा कुपोषित बच्चों को गोद लेकर उन्हें पोषण किट के माध्यम से पोषण आहार उपलब्ध कराया जा रहा है।

**बड़ी सफलता**

कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा जिले मे अब तक चलाये गये अभियान के दौरान सामाजिक संगठनों की सहभागिता से जिले के नौनिहालों को कुपोषण के चुंगल से बाहर निकालने में बड़ी सफलता मिली है। जिसके परिणामस्वरूप जिले में अति गंभीर कुपोषित (सैम) बच्चों की संख्या जो अप्रैल 2023 में 211 थी, दिसंबर 2023 में घटकर 154 रह गई है एवं मध्यम कुपोषित (मैम) बच्चों की संख्या जो 1318 थी, घटकर 1011 हो गई है। इस प्रकार 9 माह की अवधि में 364 बच्चों के पोषण स्तर में कमाल का सुधार परिलक्षित हुआ है।

**गोद लेने की अपील**

अब जिला प्रशासन ने मार्च 2024 तक कुपोषित बच्चों की संख्या को न्यूनतम स्तर पर लाकर, ज़िले को कुपोषण मुक्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। ज़िले को कुपोषण मुक्त बनाने संस्थाओं एवं जनसामान्य से कुपोषित बच्चों को गोद लेने की अपील की जाती है। कुपोषण निवारण में जिला प्रशासन को सहयोग, अटल बाल मित्र योजना के खाता नंबर 40560100000070, आई.एफ.एस.सी. कोड BARBOINDKAT बैंक ऑफ़ बड़ौदा, इंडस्ट्रियल एरिया, कटनी) में राशि देकर या कुपोषित बच्चों हेतु राशन उपलब्ध करवाकर किया जा सकता है। लोगों द्वारा उपलब्ध करवाई गयी सहायता राशि और राशन को जिला प्रशासन कुपोषित बच्चों तक पहुचायेगा।

**यहॉ करें संपर्क**

समाज द्वारा की गई एक छोटी से पहल किसी बच्चे के जीवन में कुपोषण के अंधरे को मिटाकर सुपोषण का प्रकाश ला सकती है। इस संबंध में अधिक जानकारी हेतु कलेक्ट्रेट के कक्ष क्रमांक 81 में महिला एवं बाल विकास विभाग के जिनस कार्यक्रम अधिकारी के मोबाइल नंबर 9630981767 1 पर संपर्क किया जा सकता है।

# कुपोषण के खिलाफ कलेक्टर के नवाचार का दिखने लगा असर

## खनि उत्खननकर्ताओं और शासकीय कर्मियों ने कटनी को कुपोषण मुक्त बनाने बढ़ाया हाथ

❖ पहले ही दिन मिली पौने चार लाख की सहयोग निधि
❖ सभी के सहयोग से बनेगा कुपोषण मुक्त कटनी - कलेक्टर श्री प्रसाद।

द अचीवर टाइम्स इंद्र कुमार पटेल





**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा कटनी जिले को मार्च 2024 तक कुपोषण मुक्त जिला बनाने के संकल्प में सहयोग हेतु सामाजिक एवं स्वैच्छिक संगठनों से सहभागिता निभाने के लिए की गई अपील का 24 घंटे के भीतर ही जादुई असर दिखने लगा है। कुपोषित बच्चों का बचपन संवारने के नेक कार्य में भागीदारी निभाने कई लोगों ने हाथ आगे बढ़ाया है। कलेक्टर श्री प्रसाद की अपील से प्रेरित होकर मंगलवार को खनिज उत्खनिकर्ताओं और शासकीय अधिकारियों ने तीन लाख 80 हजार रूपये की सहयोग राशि प्रदान की है।

**बड़ी कामयाबी**

कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा जिले मे अब तक चलाये गये अभियान के दौरान सामाजिक संगठनों की सहभागिता से जिले के नौनिहालों को कुपोषण के चंगुल से बाहर निकालने में बड़ी कामयाबी मिली है। जिसके परिणामस्वरूप जिले में अति गंभीर कुपोषित (सैम) बच्चों की संख्या जो अप्रैल 2023 में 211 थी, दिसंबर 2023 में घटकर 154 रह गई है एवं मध्यम कुपोषित (मैम) बच्चों की संख्या जो 1318 थी, घटकर 1011 हो गई है। इस प्रकार 9 माह की अवधि में 364 बच्चों के पोषण स्तर में कमाल का सुधार परिलक्षित हुआ है।

**अपील का असर**

कलेक्टर श्री प्रसाद ने बताया कि कुपोषण को दूर करने जिले में अब तक किये गये प्रयासों के बाद शेष बचे करीब एक हजार कुपोषित बच्चों को सुपोषित करने के लिये ही सभी से सहयोग की अपील की गई है। जिससे मंगलवार को करीब पौने चार लाख रूपये की सहयोग राशि प्राप्त हुई है। इससे जिले के करीब पौने 4 सौ कुपोषित बच्चों को पौष्टिक राशन उपलब्ध कराया जायेगा। बाकी बचे 6 सौ कुपोषित बच्चों के लिए अभी भी राशि जुटाने का प्रयास जारी है। कलेक्टर ने बताया कि मार्च 2024 तक कटनी को कुपोषण के कलंक से मुक्त कराने की दिशा में गंभीर प्रयास किये जा रहे हैं।

**इन्होने दिया सहयोग**

कलेक्टर श्री प्रसाद की अपील पर कुपोषण मुक्त कटनी बनाने के कार्य के लिए 4 खनिज उत्खनिकर्ताओं ने साढ़े तीन लाख रूपये की सहयोग राशि प्रदान की है। इनमें राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता पढ़रेही बहोरीबंद, जगदीश प्रसाद उरमलिया बड़खेरा, शशीकांत कोहाड़ छपरा बहोरीबंद ने क्रमशः एक-एक लाख रूपये और आरीफ अहमद सुनहरा भटगवां के खनिजउत्खननकर्ता ने 50 हजार रूपये की सहयोग राशि का चेक कलेक्टर को प्रदान किया। जबकि शासकीय अधिकारियों में अपर कलेक्टर साधना परस्ते, सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास वनश्री कुर्वेती और चित्रा प्रभात शासकीय तिलक कॉलेज ने क्रमशः 10-10 हजार रूपये का योगदान दिया है। कलेक्टर ने सभी सहयोग प्रदान करने वालों के प्रति आभार जताया है।

# आपदा विशेषज्ञ गजेंद्र सिंह बघेल ने जनपद के समस्त नागरिको विशेष रूप से बुजुर्गो,बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं पशुओं को भी सुरक्षित रखने एवं रहने का दी सलाह

द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार



**हापुड़।** न्यूनतम तापमान बेहद कम होने के कारण वातावरण में गलन बढ़ गई है और ऐसी स्थिति में ठंड लगने की संभावना काफी अधिक हो गयी है इस लिए जितना हो सके घर में रहे, गर्म कपड़े पहने, ठंडे पानी से सीधा स्नान मत करें, ठंडा पानी सीधे सर पर ना गिराए (पहले हाथ पैर धुले और सबसे अंत में सर पर पानी गिराए) बच्चों को बाहर खेलने से बिल्कुल रोक दें, गुनगुना पानी एवं अधिक से अधिक गर्म पेय पदार्थ का सेवन करें, बासी भोजन बिल्कुल ना करें, किसी भी प्रकार की आकस्मिक स्तिथि पर तत्काल अस्पताल जाएं और चिकित्सकों की सलाह लें । इस मौसम में हो सकती हैं ये बीमारियां, हाइपोथर्मिया इसमें शरीर का तापमान ज्यादा कम हो जाता है। यह स्थिति ठंडके कारण होती है। इसमें व्यक्ति धीमी और जल्दी जल्दी सांस लेता है औरउसका चेतना का स्तर कम होता जाता है। व्यवहार व्यक्ति का आक्रामक होनेलगता है, काम में गड़बड़ी होने लगती है, आवाज भी स्पस्ट नहीं होती है। तुषार उपघात शीतलहर में रहने से त्वाचा के उत्तकों की क्षति होने लगती है। इससे शरीर के प्रभावित क्षेत्र में छाले और फफोले होसकते हैं। क्षति गंभीर होने पर अंग को काटने की भी नौबत आ सकती है। फ्रास्टनिप शीतलहर में अधिक रहने से त्वचा सुन्न हो जाती है। उसका रंग नीला और सफेद हो जाता है। सामान्यतः चेहरा अथवा अंगुलियों केआगे के हिस्से प्रभावित होते हैं। ऐसे में उस भाग को गर्म करें , ठीकहोने लगेगा। कुछ देर में त्वचा का रंग पहले जैसा हो जाएगा।आपदा विशेषज्ञ गजेंद्र सिंह बघेल ने बचाव के उपाय बताया की बहुत जरूरी हो तभी घर से बाहर निकलें, ऐसे मरीज को गर्म स्थानों पर ले जाएं, उसके शरीर को गर्म कपड़ों में लपेटें, मरीज को हर 15 मिनट बाद गर्म पानी या सूप पीने को दें, मरीज चेतन अवस्था में है तो उसे थोड़ा खाना भी दें, मरीज बेहोश होने लगे और होश में शीघ्र नहीं आता है तो उसे तुरंत हास्पीटल में भर्ती करायें।

# एक नज़र

## वरिष्ठ पत्रकार गजेंद्र राठी के पिता के असमय निधन पर लोगों ने दी श्रद्धांजलि

द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार





**हापुड़।** पिलखुवा रेलवे रोड स्थित रंगोली उत्सव मंडप में शहर के वरिष्ठ पत्रकार गजेंद्र राठी के पिता गंगाशरण के असमय निधन पर आयोजित शोकसभा में शहर की सामाजिक संस्थाएं व राजनैतिक संगठनों के लोग भारी संख्या में कार्यक्रम में शामिल हुए और उनके पिता गंगाशरण के चित्र पर पुष्पा करते हुए श्रद्धांजलि दी जहां सभी लोगों की उपस्थिति में उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन भी रखा गया तथा परिवार को दुख सहन करने की सांत्वना देने की प्रार्थना की। इस दौरान पत्रकार के छोटे भाई राजेंद्र राठी को पगड़ी रस्म अदा की गई। कार्यक्रम में पत्रकार चरनजीत, जितेन्द्र शर्मा, राशिद खान, पुष्पेन्द्र कुमार, विपिन शर्मा, पंकज, महावीर शर्मा, कुशलेश गर्ग, राजीव जौहर, अमित टांक, नरेन्द्र रुहेला, मनोज राणा, भाजपा नेत्री लजजारानी गर्ग, अखिलेश मित्तल, सुधीर गोयल, केशव शर्मा, प्रेमचंद गुप्ता बबली, ज्ञानप्रकाश अग्रवाल, विशाल कौशिक, रामकुमार शर्मा, वागीश दिनकर, सतीश वर्धन, राजपाल शर्मा, अशोक गोयल, बीना गोयल, मनोज तोमर, गौरव चौहान, संदीप तोमर व अजय चौहान उपस्थित थे।

## 43वी मास्टर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में विजेताओं का पुलिस अधीक्षक ने किया उत्साहवर्धन

द अचीवर टाइम्स इंद्र कुमार पटेल

**मध्य प्रदेश कटनी।** 43वीं मध्य प्रदेश मास्टर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में विजेता रहे कटनी पुलिस के खिलाड़ियों का पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन ने उत्साहवर्धन कर किया सम्मान।

## 52 वाहनों पर परिवहन विभाग ने की चालान की कार्यवाही

द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार




**हापुड़।** में शासन निर्देशानुसार द्वितीय सड़क सुरक्षा पखवाडा के तहत आयोजित होने वाले कार्यकमों के अन्तर्गत वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग न करने एवं एच0एस0आर0पी0 न लगे वाहनों के विरूद्ध चेकिंग की गयी जिसके अन्तर्गत रमेश कुमार चौबे सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, (प्रवर्तन) हापुड़, आशुतोष उपाध्याय, यात्रीकर अधिकारी हापुड़ द्वारा सीट बेल्ट का प्रयोग न करने के अभियोग में 28 वाहनों का चालान एवं एच0एस0आर0पी0 न लगे 15 वाहनों के चालान एवं अन्य अभियोगों सहित कुल 52 वाहनों का चालान किया गया । उक्त के अतिरिक्त एस0एस0वी0 डिग्री कालिज हापुड़ में सडक सुरक्षा मास्टर ट्रेनिंग का आयोजन किया गया, जिसमें एस0एस0वी0 डिग्री कालिज के कपिल बिसला (प्रवक्ता), जनपद के विभिन्न स्कूलों के नोडल अध्यापक भी उपस्थित रहे। कार्यकम के समापन के उपरांत सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) हापुड़ द्वारा सड़क सुरक्षा नियमों की शपथ दिलायी गयी तथा शासन से प्रेषित यातायात नियमों के फोल्डर, लीफलेट, तथा पम्पलेट भी वितरित कराये गये ।

## नाबालिक बच्चो को दिया बाइक तो होगा 25 हजार का चालान

द अचीवर टाइम्स अखिलेश दास



**बाराबंकी।** यातायात प्रभारी रामयतन यादव ने बताया कि अगर आपका नाबालिग बच्चा दो पहिया या चार पहिया वाहन चला रहा है, तो ट्रैफिक पुलिस द्वारा पकड़े जाने या किसी दुर्घटना के होने पर आपके लिए मुसीबत खड़ी हो सकती है। ऐसे में वाहन स्वामी को न सिर्फ भारी भरकम जुर्माना भरना होगा, बल्कि जेल की हवा भी खानी पड़ सकती है। इसके बावजूद भी बाराबंकी की सड़कों पर ट्रैफिक नियमों को रौंदते हुए दो पहिया पर फर्राटा भर रहे ना नाबालिक बच्चे। संशोधित एमवी एक्ट में नाबालिग के वाहन चलाने पर जुर्माने के साथ-साथ जेल की सजा का भी प्रावधान किया गया है। अगर कोई नाबालिग वाहन चलाते पकड़ा जाता है तो वाहन स्वामी को इसका खामियाजा भुगतना होगा। इसमें नाबालिग के गाड़ी चलाने पर 25 हजार रुपये तक का जुर्माना या 3 साल की जेल भी हो सकती है और गाड़ी का रजिस्ट्रेशन भी रद्द कर दिया जाएगा। इसके बाद नाबालिग का ड्राइविंग लाइसेंस 25 साल से उम्र तक नहीं बनेगा। इसके अलावा अगर नाबालिग से वाहन चलाने के दौरान कोई दुर्घटना होती है, उस परिस्थिति में वाहन स्वामी को जुर्माने के साथ-साथ जेल भी जाना पड़ सकता है।

# सड़क हादसे में घायल का इलाज पहले करें: डॉ सुनील त्यागी, एसीएमओ, हापुड

❖ चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मियों को एप पर काम करने का दिया प्रशिक्षण-रोल आउट मैनेजर।

द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार





**हापुड़।** सड़क सुरक्षा पखवाड़े के अंतर्गत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धोलाना एवं लोक निर्माण विभाग हापुड के सभागार में किया गया। इसमें चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मियों को आईरेड एप पर काम करने का तरीका समझाया गया। सड़क सुरक्षा के नोडल अधिकारी एसीएमओ डॉ. राकेश एवं लोक निर्माण विभाग सड़क सुरक्षा के नोडल अधिकारी अधिशासी अभियंता नरेश कुमार ने बताया कि इंट्रीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डाटाबेस में हर सड़क हादसे की फीडिंग करना जरूरी है। इस एप से पुलिस, परिवहन, स्वास्थ्य, सड़क निर्माण विभाग को जोड़ा गया है। चार विभाग मिलकर सड़क हादसों को रोकने और हादसे में घायल होने वालों को मदद में अपनी भूमिका निभाएंगे। एसीएमओ ने कहा कि एप के माध्यम से सभी मरीजों का डाटा ऑनलाइन फीड किया जाए। एनआईसी के जिला प्रबंधक रोल आउट निशांत राजपूत ने बताया कि सड़क हादसों की निगरानी के लिए आई रेड एप बनाया गया है। इस एप से सभी सीएचसी, जिला अस्पताल और जिला अस्पताल में प्रशिक्षण में मौजूद चिकित्सक व स्टाफ मेडिकल कॉलेज को जोड़ा गया है। इसमें सड़क हादसों से आकंड़े एकत्रित कर सड़क हादसों की रोकथाम के लिए कार्ययोजना बनाई जाएगी। इसी के साथ लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को भी एक दिवसीय सड़क सुरक्षा पखवाड़े के अंतर्गत जिला सूचना विज्ञान अधिकारी विनीत गर्ग के नेतृत्व में कार्य करते हुए रोल आउट प्रबंधक निशांत राजपूत द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सुनील त्यागी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर राकेश , अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग नरेश कुमार, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारी /कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पीजीआई के डॉक्टर देवेन्द्र गुप्ता ने वायरलेस प्रेशर सेंसर डिवाइस तैयार की



द अचीवर टाइम्स रघुनाथ सिंह

**लखनऊ।** पीजीआई के एनेस्थीसिया विभाग के डॉ. देवेन्द्र गुप्ता ने वायरलेस एयर प्रेशर सेंसर डिवाइस बनायी है। इस डिवाइस को पेटेंट मिल गया है। डॉ. गुप्ता ने यह डिवाइस आईआईटी कानपुर के सहयोग से तैयार की है। यह डिवाइस गुब्बारे जैसी है। इसकी मदद से बिना तार के हवा का दबाव नापा जा सकता है। इस डिवाइस का उपयोग मरीजों के उपचार के साथ ही उद्योगों में किया जा सकता है। डॉ. देवेंद्र गुप्ता ने बताया कि जिस तरह से मरीज में कैथेटर, ट्रेकियल ट्यूब व वेंटिलेटर लगाया जाता है। इसमें निश्चित मात्रा में हवा के दबाव की जरूरत होती है। अभी तक हवा का दबाव अनुमान से लगाते थे। तमाम जगह दबाव को देखा ही नहीं जा सकता था। हवा का दबाव सामान्य से अधिक होने पर मरीज को नुकसान की आशंका रहती है। इस डिवाइस के बनने से मरीज का सही उपचार संभव हुआ। साथ ही यह डिवाइस विभिन्न उद्योगों के लिए भी महत्वपूर्ण है। यह डिवाइस चिकित्सा उपकरणों, ऑटोमोबाइल, हवाई जहाज और उपग्रहों में उपयोग करते हैं। पीजीआई और आईआईटी कानपुर के बीच एक समझौता 2016 में हुआ था। इसके बाद संस्थान डॉक्टरों ने कई सफल प्रोटोटाइप विकसित किए हैं।

# अनुराग अग्रवाल हापुड़ कैमिष्ट एसोसिएशन के महासचिव पद पर हुए नियुक्त



द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार

**हापुड़।** कैमिष्ट एसोसिएशन की कार्यकारिणी की शुक्रवार एक बैठक एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र गुर्जर की अध्यक्षता में एसोसिएशन के कार्यालय जवाहर गंज हापुड़ में हूई जिसमें एसोसिएशन के कार्यवाहक महासचिव राकेश गुप्ता के त्यागपत्र देने के कारण महासचिव का पद रिक्त हो गया था कल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सतीश शर्मा ने अनुराग अग्रवाल के नाम का प्रस्ताव महासचिव पद के लिए रखा एसोसिएशन के चेयरमैन योगेश त्यागी ने उसका समर्थन किया ओर पूरी कार्यकारिणी ने ध्वनि मत से पारित करके अनुराग अग्रवाल को महासचिव पद पर विधिवत रूप से नियुक्त किया गया सभी ने पटका पहनाकर उनका स्वागत किया अनुराग अग्रवाल ने कहा की आपने जो मुझ पर विश्वास जताया है मैं पूरी कोशिश करूँगा की संगठन की मज़बूती के लिए हमेशा तत्पर रहूँगा ओर आपके विश्वास पर हमेशा खरा उतरने की कोशिश करूँगा कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को नव वर्ष की शुभकामनाएँ दी राजेंद्र गुर्जर अध्यक्ष, योगेश त्यागी चेयरमैन, सतीश शर्मा उपाध्यक्ष,दीपक पारसर उपाध्यक्ष,रमेश चन्द अरोड़ा संरक्षक, योगेश शर्मा संरक्षक,ब्रजभुषण अग्रवाल कोषाध्यक्ष,नितिन चुग उपमंत्री,अजय कुमार शर्मा संगठन मंत्री दिनेश शर्मा सम्मानित सदस्य सहित बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

# सोकपित बनाकर पानी भराव को निस्तारण करने के सीडीओ ने दिए निर्देश

❖ वृहद गौशाला नंदपुर व विकास खंड धौलाना का सीडीओ ने किया निरीक्षण।

द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार





**हापुड़।** मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार वर्मा द्वारा वृहद गौशाला नंदपुर विकास खंड धौलाना का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय अभिमन्यु सेठ खंड विकास अधिकारी, डॉ कासिम अली पशु चिकित्सा अधिकारी उपस्थित थे। गौशाला मे 630 पशु संग्रक्षित है। पशुओं के ठंड से बचाव के लिए तिरपाल लगे है। पिनें के पानी की व्यवस्था है, किंतु आस पास पानी भरा पाया गया। जिसे सोकपित बनाकर पानी भराव को निस्तारण के निर्देश दिए गए। पशुओं को चोकर, दलिया, हरा चारा, गन्ने की पत्ती, भूषा उपलब्ध पाया गया। गौशाला में सीसीटीवी कैमरा लगे है, जिसमे 2 कैमरे कीर्यशील नही बताए गए। निर्देश दिए गए की इन्हे तत्काल क्रियाशील किया जाए एवम जनपद स्तर से गौशालाओं के अनुश्रवण किए जाने हेतु एक कंट्रोल कमांड सेंटर बनाया जायेगा। इस हेतु खंड विकास अधिकारी गौशालाओं में कैमरे 2 दिवस में क्रियाशील कराते हुए सूचित करने के निर्देश दिए गए साथ ही मुख्य विकास अधिकारी द्वारा विकास खंड धौलाना का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय अभिमन्यु सेठ खंड विकास अधिकारी अपने स्टाफ के साथ उपस्थित थे। बीडीओ को सभी सहायक विकास अधिकारी को प्रतिदिन सांय काल गौशालाओं का निरीक्षण कर गौशालाओं में ठंड से बचाव के लिए तिरपाल, अलाव, खाने हेतु पर्याप्त चारा, भूषा पानी की व्यवस्था सूचित करने के निर्देश दिए गए । ब्लॉक में व्यवस्था ठीक पाई गई। पेंशन का सत्यापन और पात्र लोगो को नवीन पेंशन नियमानुसार दिलाई जाए। मनरेगा में मांग के अनुसार कार्य उपलब्ध कराया जाए।

# कुकरी के क्षेत्र में लखनऊ की नीलिमा कपूर को भारत गौरव रत्न श्री सम्मान



द अचीवर टाइम्स संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ की नीलिमा कपूर को कुकरी कंसलटेंट एण्ड सेलिब्रिटी शेफ के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने के लिये भारत गौरव रत्न श्री सम्मान से सम्मानित किया गया है। भारत सरकार के कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा प्रमाणित यह सम्मान भारत गौरव रत्न श्री सम्मान परिषद ने यहां अशोका होटल, नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रदान किया। इस मौके पर कई प्रमुख लोगों की मौजूदगी में सम्मानित होने वाली श्रीमती नीलिमा कपूर की पाक कलाह्व क्षेत्र में उल्लेखनीय यात्रा पर प्रकाश डाला गया। इस उपलब्धि से लखनऊ का मान बढ़ाने वाली कपूर बीते 40 से अधिक वर्षों से लखनऊ में प्रेरक शक्ति के रूप में कपूर्स कुक एण्ड बेक इंस्टीट्यूट में कुकरी और बेकरी में प्रशिक्षण दे रही है। इसके अलावा उनकी विशेषज्ञता उनके संस्थान से परे फैली हुई है, जिसमें प्रमुख रसोई उपकरण कंपनियों के लिए परामर्श, शीर्ष प्रकाशनों में कॉलम, विश्वविद्यालयों में कार्यशालाएं और एक न्यायाधीश और सेलिब्रिटी शेफ के रूप में भूमिकाएं शामिल हैं। कई पुरस्कारों के बावजूद भारत के सम्मान परिषद से भारत गौरव रत्न उनके अद्वितीय कौशल की सर्वोच्च पहचान के रूप में खड़ा है। श्रीमती नीलिमा कपूर का प्रभाव न केवल लखनऊ में बल्कि पूरे देश में है, जिससे उन्हें अपने छात्रों और शहर से समान रूप से प्रशंसा और गौरव प्राप्त होता है।

## अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के दौरान गर्भगृह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ 5 लोग ही रहेंगे मौजूद

**अयोध्या।** राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में प्राण प्रतिष्ठा के समय 5 लोग गर्भगृह में मौजूद रहेंगे । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गर्भगृह में मौजूद रहेंगे । संघ प्रमुख मोहन भागवत गर्भगृह में मौजूद रहेंगे राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्य आचार्य मौजूद रहेंगे । प्राण प्रतिष्ठा के समय पर्दा बंद रहेगा । मूर्ति की पट्टी हटते समय 5 लोग रहेंगे मौजूद । सबसे पहले भगवान राम को आईना दिखाया जाएगा । सबसे पहले रामलला अपना चेहरा देखेंगे । दलपूजा के लिए आचार्यो की 3 टीमें बनाई गई । पहले दल का नेतृत्व स्वामी गोविंद देव गिरि करेंगे । दूसरे दल का नेतृत्व शंकराचार्य विजयेंद्र सरस्वती करेंगे । कांची कामकोटि पीठ के शंकराचार्य हैं विजयेंद्र सरस्वती । तीसरी टीम में काशी के 21 विद्वान रखे गए है ।

# राजस्थान की विश्व हिंदी सृजन सागर मंच प्रेम पथिक सम्मान से सम्मानित हुए बेखौफ शायर




द अचीवर टाइम्स चेतन कुमार

**हापुड़।** एक छोटे से गांव मुरादपुर की सागर कालोनी में निवास करने वाले बेखौफ शायर के नाम से प्रशिद्ध शायर डॉ.नरेश सागर अपनी साहित्य की यात्रा को निरंतर बनाये हुए है ,साहित्य के क्षेत्र में उन्होंने गोल्डन बुक आफ वर्ल्ड रिकॉर्ड और इंडिया बुक आफ रिकॉर्ड बुक और लिम्का आफ रिकॉर्ड बुक डॉ.अम्बेडकर फैलोसिफ जैसे सम्मान भी वो अपने नाम दर्ज करा चुके है। अब राजस्थान की विश्व हिंदी सृजन सागर मंच से डॉ.सागर को प्रेम पथिक सम्मान से सम्मानित किया गया है ,राधा -कृष्ण प्रेम पर बहुत सुंदर रचना लिखी जो सबसे ज्यादा सराहनीय रही। कार्यक्रम का आयोजन वरिष्ठ कवि डा.राय सिंह निनामा दर्देदिल, मंच संचालिका डा.मंजू कर्नाटक, गोविंद सरावत मीणा,इंद्रजीत सिंह %जीत%,सुमन शर्मा बागी और कपूर राम महासेतु आदि उपस्थित रहें । बेखौफ शायर डा.सागर ने बताया कि उनकी तीसरी किताब जो एक गीत संग्रह है शोषण और संघर्ष का विमोचन नव वर्ष के दिन किया जाएगा,इससे पहले शब्दों के शूल गीत संग्रह को विश्व पुस्तक मेले में काफी लोकप्रियता मिली थी। इसी सफर में उन्होंने एक अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध भिक्षु की वायोग्राफी परिवर्तन का पथिक भी लिखी है।

